Name of the Paper : JANSATTA, NEW DELHI

Published at :

Dated : 9 APR 1988

भारतीय अभियान दल ताहिती रवाना

न्यूयार्क, ८ अप्रैल (वार्ता)। नौका में विश्व भ्रमण पर निकला भारतीय अभियान दल पनामा से प्रशांत महासागर के द्वीप ताहिती को रवाना हो गया है।

'तृष्णा' नामक नौका में सवार भारतीय सेना के छह इंजीनियरों को शनिवार को बालबोआ बंदरगाह पर भारतीय दूतावास और पनामा में बसे भारतीयों ने विदाई दी।

अभियान दल के नेता कर्नल टीपीएस चौधरी ने हाल में न्यूयार्क में बताया कि दल शायद मई के अंत तक ताहिती पहुंच जाएगा। दल पिछले सितंबर में बंबई से रवाना हुआ था।